# सेंट उर्सुला गर्ल्स हायस्कूल अण्ड जुनिअर कॉलेज, नागपूर

**व्दितीय सत्र परीक्षा 2019–20**

**विषय – हिंदी**

**समय – 2.00 घंटे** | **वर्ग – V (C)** | **गुण – 40**

---

**प्र. 1 ला) निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित प्रश्नो को हल कीजिए।**

मेवाड़ में अनेक बहादुर और साहसी राजा हुए हैं। इनमें एक थे– राणा संग्रामसिंह।

उनका चचेरा भाई बनवीर बड़ा धूर्त, चालाक और महत्त्वाकांक्षी प्रकृति का व्यक्ति था। राणा संग्रामसिंह की झूठी-सच्ची प्रशंसा करके वह उनका विश्वासपात्र बन बैठा। राणा संग्रामसिंह राज्य और परिवार के सभी विषयों पर बनवीर से विचार-विमर्श करते तथा उसके सुझाव को बड़ा महत्त्व देते थे।


धीरे-धीरे बनवीर इतना प्रभावशाली हो गया कि राजपुरोहित, सेनापति तथा महामंत्री तक उससे भयभीत रहने लगे। बनवीर ने दुष्ट, बेईमान और धूर्त राजकीय कर्मचारियों का एक दल बना लिया। इस दल के लोग मेवाड़ की प्रजा का खुलकर शोषण करते थे, भोले-भाले लोगों पर अत्याचार करते थे किंतु बनवीर के प्रभाव के कारण उन्हें कोई कुछ नहीं कह पाता था। इसी समय बनवीर की सेवाओं से प्रसन्न होकर राणा संग्रामसिंह ने बनवीर को मेवाड़ का महामंत्री बना दिया। इससे बनवीर की शक्ति और बढ़ गई। वह राणा संग्रामसिंह के बाद मेवाड़ का सर्वाधिक शक्तिशाली व्यक्ति बन बैठा।

कुछ समय बाद राणा संग्रामसिंह की मृत्यु हो गई। उनके एकमात्र पुत्र उदयसिंह को युवराज घोषित कर दिया गया। उस समय वे बहुत छोटे थे। बनवीर अपने प्रभाव द्वारा उदयसिंह का संरक्षक बन बैठा।


बनवीर मेवाड़ का शासक बनना चाहता था। उसके रास्ते का बस एक ही काँटा था–युवराज उदयसिंह। बनवीर ने अपने सहयोगियों को लालच दिया कि यदि वह मेवाड़ का शासक बन जाएगा तो उन्हें ऊँचे-ऊँचे पद देगा। बनवीर के साथी भी उसकी तरह धूर्त और लालची थे। सभी ने मिलकर एक भयानक निर्णय लिया–युवराज उदयसिंह की हत्या का निर्णय!

बनवीर के सहयोगियों में एक राजकीय सेवक कट्टर राजभक्त था। इस सेवक ने जब युवराज उदयसिंह की हत्या के संबंध में सुना तो सीधा पन्ना


**1) आकृति पूर्ण कीजिए :** **(1)**




2) (1)




3) (1)



4) परिच्छेद मे आए शब्द –युंगन शब्द (1)


- भोले–भाले
- 
- ________

5. **निम्नलिखित विरूद्धार्थी शब्द लिखिए** **(1)**

1) सच्ची X –––––– 2) अप्रशंसा X ––––––––

6. यदि तुम्हे एक दिन के लिए कक्षा का प्रमुख (मॉनीटर) बना दिया जाए, तो तुम अपनी कक्षा मे किस तरह के बदलाव करना चाहोगें ? लिखो (2)

**प्रश्न 2रा. निम्नलिखित कविता पर आधारित प्रश्नो को हल कीजिए।**



पीपल पावन पिता सरीखा, तुलसी जैसे माता ।
'त्रिफला' बहन–बहू–बिटिया–सा, बेर सरीखा भ्राता ।।
महुआ मामा जैसा लगता, वन–उपवन महकाता ।
आम–वृक्ष नाना–सा वत्सल, मीठे फल बरसाता ।।


पोषक रक्षक, जीवनदायी औषधियों का दाता ।
वृक्ष निभाता आज भी सबसे रिश्ता–नाता ।।
पौधों को रोपें–सींचें ।
आओ ! आनंद उलीचें ।।

देवदार दादा जी जैसा, इमली जैसे दादी ।
खिरनी नानी–सी मीठी, निर्मल, सीधी–सादी ।।
बरगद है परदादा जैसा, जटा–जूट संन्यासी ।
गुलमोहर चाचा–सा जिसकी रंगत हरे उदासी ।।

**1) संजाल पूर्ण कीजिए।** **(2)**

कविता मे आए पेड़–पौधो के नाम

**2) आकृति पूर्ण कीजिए** **(1)**




**3) निम्नलिखित समानार्थि शब्छ लिखिए।** **(1)**

1. बगीचा = –––––– 2. पवित्र = ––––––

4) महुआ किससे समान है ? वह क्या करता है ? (1)

5) वृक्षो से होने वाले लाभ पॉच वाक्यो मे लिखिए। (2)

**प्रश्न 3 अ निम्नलिखित कोष्ठक मे से उचित शब्द चूनकर रिक्त स्थानो की पूर्ती कीजिए।** **(2)**

(इंडी, कहानियॉ, विद्यालय, कथाकथन)

1) प्रतिदिन सोने से पहले दादी–दादा से रामायण, महाभारत, पंचतंत्र की –––––– जरूय सुनता था।
2) शिक्षिका ने कक्षा मे ––––– प्रतियोगिता होने की सूचना दी।
3) हिंदी को भी वह ––– कहता था।
4) प्यार से पुछने पर सुशांत ने –––– का सारा किस्सा कह सुनाया।

**ब निम्नलिखित दिए गए पर्यायो मे से सही उत्तर चुनकर लिखिए।** **(2)**

1) 1 मई दुनिया भर मे ––––––––––––––––
अ) महिला–दिवस के रूप मे मनाया जाता है।
ब) अधिकारी–दिवस के रूप मे मनाया जाता है।
क) श्रमिक–दिवस के रूप मे मनाया जाता है।

2) ऐसा करते है कि गॉव की कुछ कर्मठ महिलाओं का –––––––––
अ) शाल और श्रीफल देकर सम्मान करते है।
ब) सुंदर वस्त्र देकर सम्मान करते है।
क) पुष्पगुच्छ देकर सम्मान करते है।

**क निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा है।** **(2)**

1) ''पापा आपको पता है मेरी क्लास मे रिया है ना, वह अपने मम्मी–पापा के साथ अभी सिंगापूर घूमकर आई है।''
2) ''हॉ, पैकिंग मे ऊनी कपडे भरपूर रख लेना क्योकि वहॉ ठंड बहुत होगी।''

**प्रश्न 4 अ निम्नलिखित मुहावरो का अर्थसहित वाक्य बनाकर लिखिए। (कोई 2)** **(2)**

1) हाथ बाटना –
2) गुस्सा पी जाना –
3) सर ऑखो पर बिठाना –
4) दिन दूना, रात चौगुना –

**ब निम्नलिखित वाक्यो मे विशेषण शब्द रेखांकित कर फिर से लिखिए।** **(1)**

1) सुंदर अक्षर लिखने है।
2) सफेद कमीज पहनो।

**क निम्नलिखित लिंग बदलकर लिखिए।** **(1)**

1) माता – 2) लड़का –

**ड निम्नलिखित वाक्यो मे से काल पहचानकर लिखिए।** **(2)**

1) मै प्रतियोगिता मे हिस्सा लूँगी।

2) आकाश मे पतंगे उड़ रही थी।

**ई निम्नलिखित वाक्य मे उचित विरामचिह्न लगाकर वाक्य फिर से लिखो।** **(1)**

1) हमारे साथ और कौन आएगा।

**प्रश्न 5 निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** **(5)**

1. पेड की आत्मकथा
2. स्वच्छता का महत्त्व
3. मेरा प्रिय खेल
4. महात्मा फूले

**प्रश्न 6 पत्र–लेखन** **(4)**

अपने बहन के विवाह मे शामील होने के लिए अपने अध्यापक से एक सप्ताह की छुट्टी मॉगो।

**अथवा**


परिक्षा मे प्रथम आने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखो।

**प्रश्न 7 निम्नलिखित मुद्दो के आधार पर कहानी लिखिए और उचित शीर्षक दीजिए।** **(4)**

एक भूखी लोमड़ी – पेड पर कौए को देखना – कौए की चोच मे रोटी – लोमड़ी का पेडत्र के नीचे जाना – कौए की आवाज की तारीफ कराना घ– कौए से गाने के लिए कहना –कौए का गाने के लिए चोंच खोलना – रोटी निचे गिरना – लोमड़ी का रोटी लेकर भाग जाना – सीख।

**अथवा**

निम्न चित्रवाचन करके अपने शब्दो मे कहानी लिखिए और उचित शीर्षक दीजिए।



***